12 jan satyajay times.qxp 1:29-dummy-1 1/11/2022 10:57 PM Page 1

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-11, अंक 12 बुधवार 12 जनवरी, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय को हरियाणा राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार मीला

**बल्लबगढ़, 11, जनवरी, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा) द्वारा बल्लबगढ़ स्थित अग्रवाल स्नात्कोत्तर महाविद्यालय को संस्थानों और संगठनों की श्रेणी (4ए) में राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एसएलईसीए 2020) के लिये चुना गया और आज यह पुरस्कार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के विद्युत एवं नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री



माननीय रणजीत सिंह जी ने डॉ. हनीफ कुरैशी, महानिदेशक, नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हरियाणा एवं हरेडा की उपस्थिति में प्रदान किया। पुरस्कार में शील्ड, प्रमाणपत्र एवं नकद पुरस्कार दिया गया। ज्ञात हो कि महाविद्यालय नाक द्वारा ए++ ग्रेड में प्रत्यायित हरियाणा राज्य का पहला महाविद्यालय है और यूजीसी द्वारा कॉलेज विथ पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त है। माननीय देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी, प्रधान, प्रबंध समिति एवं उनकी समस्त टीम की रहनुमाई में महाविद्यालय लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय को यह पुरस्कार ऊर्जा संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए अनूठे प्रयासों के लिए दिया गया है। महाविद्यालय में रूफ टॉप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पैनल सिस्टम के अतिरिक्त एलईडी और सोलर लाइट का उपयोग किया जाता है। कॉलेज में अच्छी तरह से परिभाषित ऊर्जा और गुणवत्ता और पर्यावरण नीति है। कॉलेज आईएसओ 9001:2015 और 14001:2015 प्रमाणित है। हरित कक्ष, हरित शिक्षाशास्त्र, कार्बन उत्सर्जन में कमी का भी पूरा प्रबन्ध है। कॉलेज में सीखने और प्रगति के लिए सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त, पर्यावरण के अनुकूल वातावरण है। देवेंद्र गुप्ता जी ने महामारी के इस चुनौतीपूर्ण समय में जिसने सभी को प्रभावित किया है, इस अनुकरणीय उपलब्धि के लिए प्रिंसिपल और पूरे